एडवोकेट जनरल ऑफिस में फाइल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम शुरू

चंडीगढ़ | एडवोकेट जनरल ऑफिस में फाइल ट्रैकिंग व मॉनिटरिंग सिस्टम को शुरू किया गया है, जिसके तहत कार्यालय में फाइल की एक शाखा से दूसरी शाखा में मूवमेंट तेज होगी। एडवोकेट जनरल बलदेवराज महाजन ने इस सिस्टम का इनोगरेशन किया। इस नए मैकेनिज्म से अधिकारियों व कर्मचारियों की कार्य कुशलता में सुधार आएगा तथा कोई भी कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी से बच नही सकेगा। एफटीएम सिस्टम से कार्य क्षमता बढ़ने के साथ फाइलों का समय से निपटान करने में मदद मिलेगी तथा हर व्यक्ति की जिम्मेदारी फाइल निपटाने बारे निर्धारित होगी।